प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 04.06.2025 प्रसारण समय : 19:20 बजे
मुख्य समाचार :–

1. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज 16वें केंद्रीय वित्त आयोग के सदस्यों के साथ की बैठक : केंद्रीय करों में राज्य की हिस्सेदारी 41 प्रतिशत से बढ़ाकर 50 प्रतिशत करने की उठाई मांग।
2. केंद्र सरकार ने वर्ष 2027 में दो चरणों में जनगणना कराने का लिया निर्णय : साथ में कराई जायेगी जाति गणना।
3. अयोध्या में श्री राम जन्मभूमि मंदिर के प्रथम तल पर कल होगी राम दरबार की प्राण प्रतिष्ठा : मुख्यमंत्री आयोजन में होंगे शामिल।

और

4. राजधानी लखनऊ समेत कई जनपदों में बारिश ने लोगों को गर्मी से दिलाई राहत : मौसम विभाग के मुताबिक अगले 24 घंटां तक जारी रहेगा बूंदाबांदी का सिलसिला।

————————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज 16वें केंद्रीय वित्त आयोग के सदस्यों के साथ बैठक की। बैठक में श्री योगी ने प्रदेश सरकार की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला और राज्य सरकार की मांगों को लेकर आयोग को एक मांग पत्र भी सौंपा है। इसमें केंद्रीय करों में राज्य की हिस्सेदारी को 41 प्रतिशत से बढ़ाकर 50 प्रतिशत करने की मांग की गई

है। प्रदेश के वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने बताया कि सरकार ने विशेष विकास योजनाओं के लिए स्पेशल फंड डीडीए दिए जाने की मांग भी उठाई है। बाइट....

*उत्तर प्रदेश माननीय मुख्यमंत्री जी ने विशेष रूप से आज प्रदेश के लिए जो मांग की है वो खासतौर से सारे स्टेट्स के लिए जो अभी तक इकतालीस पर्सेंट शेयर मिलता है उसके स्थान पर पचास पर्सेंट मिलना चाहिए और साथ ही साथ उत्तर प्रदेश को केंद्रीय करों में किसी भी हालत में हमें बीस परसेंट से कम न मिले। यही हमारी मांग है।*

केंद्रीय वित्त आयोग के अध्यक्ष डॉ. अरविंद पनगढ़िया ने प्रदेश की प्रमुख मांगों के विषय में जानकारी देते हुए कहा कि राज्य ने इनकम डिस्टेंस क्राइटेरिया 45 प्रतिशत, भौगोलिक क्षेत्रफल 15 प्रतिशत से घटाकर 10 प्रतिशत, जनसंख्या 15 प्रतिशत से बढ़ाकर 22 दशमलव 5 प्रतिशत, जनसांख्यिकीय प्रदर्शन 12 दशमलव 5 प्रतिशत से घटाकर 7 दशमलव 5 प्रतिशत, वन 10 प्रतिशत से घटाकर 5 प्रतिशत करने समेत अन्य मांगें आयोग के समक्ष रखी हैं।

डॉ. अरविंद पनगढ़िया ने बताया कि बैठक के दौरान प्रदेश सरकार ने उत्तर प्रदेश के विकास और सुधार के लिए उठाए जा रहे कदमों का ब्यौरा पेश किया, जिसकी आयोग ने सराहना की। बाइट....

*मैंने भी यूपी के विषय में पढ़ा है बहुत सारे रिफॉर्म अच्छे अच्छे रिफॉर्म यूपी ने किए है कुछ चल रहे हैं और जो किए जा सकते हैं। अभी जैसे यूपी ने एक निर्माण एक्ट करके पास किया है अभी उसका असर अगले चार पाँच साल में आएगा पर मैं समझता हूँ की वह एक ऐसा कदम है जो दूसरे राज्यों को भी उठाना चाहिए।*

————————

केंद्र सरकार ने वर्ष 2027 में दो चरणों में जनगणना कराने का निर्णय लिया है। इसके साथ ही जाति गणना भी की जाएगी। जनगणना के लिए संदर्भ तिथि 1 मार्च, 2027 होगी। पिछली जनगणना वर्ष 2011 में दो चरणों में की गई थी। पहले चरण में घरों की सूची बनाना और दूसरे चरण में जनसंख्या की गणना की गई थी। वर्ष 2021 की जनगणना भी इसी तरह दो चरणों में कराने का प्रस्ताव है। वर्ष 2021 की जनगणना के पहले चरण की सभी तैयारियाँ पूरी कर ली गई हैं। देश भर में कोविड–19 महामारी के प्रकोप के कारण जनगणना का काम स्थगित कर दिया गया था।

————————

अयोध्या में श्री राम जन्मभूमि मंदिर के प्रथम तल पर राम दरबार की प्राण प्रतिष्ठा के दूसरे दिन आज धार्मिक अनुष्ठान हो रह हैं। श्रीराम जन्मभूमि मन्दिर में राजा राम दरबार और अन्य मंदिरों की मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा का मुख्य आयोजन कल होगा। पेश है एक रिपोट...

*श्री राम जन्मभूमि मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के दूसरे दिन आज रामदरबार ,अन्य मन्दिरों और यज्ञशाला में देवताओं का पूजन, हवन, देव स्नान, प्रसाद स्नान, शिखर स्नान आदि सम्पन्न किया गया, जिसमें 1975 मंत्रों के साथ अग्नि देवता को आहुति दी गई। श्री राम मंदिर ट्रस्ट के महामंत्री चंपत राय ने बताया कि प्राण प्रतिष्ठा का अनुष्ठान काशी के विद्वान पंडित जयप्रकाश के नेतृत्व में 101 वैदिक आचार्य करवा रहे हैं। मुख्य प्राण प्रतिष्ठा कल अभिजीत*

*मुहूर्त में सुबह 11 बजे से होगा। इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बतौर मुख्य अतिथि शामिल होंगे। ट्रस्टके महासचिव चंपत राय ने लोगों से अपील की है कि प्राण प्रतिष्ठा सार्वजनिक आयोजन नहीं है, इसलिए इसमें शामिल होने के लिए लोग अयोध्या ना आएं। हालांकि रामलला के दर्शन करने वाले लोग सामान्य रूप से दर्शन कर सकते हैं।*

*तन्मय सोनी, आकाशवाणी समाचार, अयोध्या।*

————————

प्रदेश में विकसित कृषि संकल्प अभियान में अब तक करीब सात लाख से अधिक किसान शामिल हो चुके हैं। इसी क्रम में बांदा के बिगहना गांव में आज कृषि विशेषज्ञों ने किसानों के साथ संवाद किया। कार्यक्रम में मौजूद सहायक नोडल अधिकारी रामानन्द साहू ने बताया कि इस अभियान के तहत 1 दिन में 3 ग्राम पंचायतों में कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। बाइट....

*कृषि संकल्पित विकास योजना के अंतर्गत यह योजना चलाई जा रही है। जिसमें आज के वी के साइंटिस्ट और हमारे कुलपति महोदय भी इस ग्राम में उपस्थित हुए। जिसमें योजनाओं के बारे में बड़े विस्तार ऐसी हमारे किसान भाइयों को चर्चा की और बताया की क्या—क्या लाभ किस किस से आप लोग मिल सकता है और इसपे आप लीजिए।*

कार्यक्रम में मौजूद किसान भारत सिंह ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि इस अभियान के तहत मिल रही जानकारी से आने वाले दिनों में उनकी फसल बेहतर होगी और आमदनी में बढ़ोतरी होगी। बाइट....

*कृषि के बारे में पैदावार दोगुना करने के बारे में काफी जानकारियां दी। पशुपालन के बारे में उद्योग विभाग के बारे में क्या करना है उसके बारे*

*में बहुत सी जानकारियां दी जिससे आगे चलकर हमें भविष्य में उनसे लाभ होने की उम्मीद है।*

————————

**ब्रेक**

**यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।**

**ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।**

———————————

**संसद का मानसून सत्र 21 जुलाई से शुरू होगा। विपक्षी पार्टियों द्वारा ऑपरेशन सिंदूर पर संसद में चर्चा के लिए विशेष सत्र बुलाने की मांग को देखते हुए सरकार ने यह निर्णय लिया है। संसदीय कार्यमंत्री किरेन रिजिजू ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि संसद का मानसून सत्र 12 अगस्त को संपन्न होगा।**

————————

**आतंकवाद के खिलाफभारत के दृढ़ रुख का संदेश लेकर दुनियाभर के देशों में गए सात बहुदलीय प्रतिनिधिमंडलों में से चार सफल यात्रा के बाद स्वदेश लौट आए हैं। शिवसेना सांसद श्रीकांत शिंदे के नेतृत्व में**

प्रतिनिधिमंडल संयुक्त अरब अमीरात, लाइबेरिया, कांगो गणराज्य और सिएरा लियोन के दौरे के बाद आज सुबह भारत लौटा। जनता दल यूनाइटेड के सांसद संजय झा ने कहा कि सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल भेजने का संदेश यह था कि पूरा देश आतंकवाद के मुद्दे पर एकजुट है।

*ऑल पार्टी डेलिगेशन जाने सेसरकार का बड़ा मेसैज सब जगह ये लोगों को ये जरूर मैं खासकर बताउंगा कि पूरा देश इसमिशन पर एक साथ है, टेरिरिज्मके खिलाफ है और सारी पार्टी के लोग एक वॉइस में बात कर रहे हैं।*

————————

ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के उत्सव के बीच सशस्त्र बलों के सम्मान में आकाशवाणी समाचार विशेष श्रृंखला प्रस्तुत कर रहा है। आज हम परमवीर चक्र से सम्मानित नायक जदुनाथ सिंह को याद कर रहे हैं, जिन्होंने 1947–48 के भारत–पाकिस्तान युद्ध के दौरान सर्वोच्च बलिदान दिया था। एक रिपोर्ट....

*1916 में उत्तर प्रदेश में जन्मे पहली बटालियन राजपूत रेजीमेंट के नायक जदुनाथ सिंह जम्मू और कश्मीर में नौशेरा के नजदीक तैनधार में चौकी कमांडर थे। 1947–48 के भारत पाक युद्ध के दौरान दिसंबर 6 फरवरी 1948 की धुंध भरी सुबह में दुश्मन की सेना ने तैनधार पर बड़े पैमाने पर एक के बाद एक हमला करना शुरू किया। संख्या में कम होने के बावजूद नायक जदुनाथ सिंह ने दुश्मन के इस हमले का मुंहतोड़ जवाब दिया। तीसरे हमले के अंत तक चौकी पर मौजूद 27 जवानों में से 24 जवान शहीद या घायल हो चुके थे, गंभीर रूप से घायल होने के बावजूद एक स्टैंड गन के साथ उन्होंने अकेले ही शत्रुओं का सामना किया, जिससे डर कर हमलावर भाग खड़े हुए। अदम्सा साहस और अपनी व्यक्तिगत सुरक्षा की बिल्कुल*

*परवाह न करते हुए वे वीरगति को प्राप्त हुए। इस उत्कृष्ट शौर्य और सर्वोच्च बलिदान के लिए नायक जदुनाथ सिंह को मरणोपरांत परमवीर चक्र से सम्मानित किया गया। सकलेन अख्तर आकाशवाणी समाचार दिल्ली।*

————————

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर प्रदेश के सभी सरकारी अस्पतालों में भी कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इसको लेकर स्वास्थ्य विभाग ने तैयारी तेज कर दी है। प्रमुख सचिव चिकित्सा स्वास्थ्य और परिवार कल्याण पार्थ सारथी सेन शर्मा ने बताया कि प्रदेश के सभी जिला अस्पताल और आयुष्मान आरोग्य मंदिर में योग दिवस पर आयोजन किया जाएगा।

————————

प्रदेश के कई जिलों में आज मौसम में बदलाव देखने को मिला। राजधानी लखनऊ और आस–पास के इलाकों में बारिश के बाद लोगों को गर्मी से राहत मिली है। मौसम विभाग ने अगले 24 घंटों के दौरान प्रदश के पश्चिमी और पूर्वी जिलों में गरज चमक के साथ हल्की बारिश का अनुमान जताया है।

(समाप्त)